तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 मार्च 2025

11 रक्तदान महादान है क्योंकि इससे किसी का...

12 सौभाग्यवती कन्याएं एक साथ बंधी विवाह...



## खबर संक्षेप

### बाल अधिकार साहित्य से कवि अकेला सम्मानित
**कैथल।** साहित्य सभा कैथल से जुड़े कवि दिलबाग अकेला को करनाल की मन की उड़ान साहित्यिक मंच संस्था द्वारा बाल अधिकार साहित्य सम्मान -2025 से सम्मानित किया गया। डीडी बाल भवन के प्रांगण में बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था एमडीडी आफ इंडिया के सहयोग से आयोजित दसवें बाल अधिकार साहित्य सम्मान एवं राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन में दिलबाग अकेला को यह सम्मान, सम्मान समारोह के अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के पूर्व निर्देशक एवं वरिष्ठ शायर डा एसके शर्मा, मुख्य अतिथि डीएलएसए करनाल के सचिव डॉ इरम हसन, विशिष्ट अतिथि पूनम गोयल, एमडीडी आफ इंडिया के संस्थापक पीआर नाथ सहित संस्था के पदाधिकारियों के कर-कमलों से प्राप्त हुआ।

### जुलाना के दुर्गानाथ मंदिर से बाइक चोरी
**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव के दुर्गानाथ मंदिर से एक बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लजवाना कलां गांव निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को वह दुर्गा नाथ मंदिर में गया हुआ था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो मंदिर के बाहर से उसकी बाइक चोरी मिली। काफी तलाश के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव बुढ़ाखेड़ा से संदिग्ध हालत में महिला गायब
**जींद।** गांव बुढ़ाखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालत में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुड्ढाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 20 मार्च शाम को संदिग्ध हालत में गायब हो गई थी। पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव खरकबूरा में बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी
**जींद।** गांव खरकबूरा में खेतों में लगी एक ब्लॉक बनाने की बंद पड़ी फैक्टरी में से चोरों ने हॉट लोहे के गाटर चुरा लिए हैं। फैक्टरी मालिक बसाऊ की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। खरकबूरा निवासी बसाऊ ने पुलिस को देश शिकायत में बताया कि उसकी फैक्टरी फिलहाल बंद है। इसमें रात को चोरों ने आठ गाटर चोरी कर लिए। जब वह शाम को खेत में गया तो उसे चोरी की इस वारदात का पता चला। उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तौलों व दो कारतूस के साथ पकड़ा
**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव शामलो कलां नहर पुल पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जुलाना थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव शामलो कलां निवासी शिवम नहर पुल पर अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवम को काबू कर लिया। पुलिस ने जब उसके पि_ बैग की तलाशी ली तो उसमें से तीन पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जुलाना थाना पुलिस ने शिवम पर मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# नागरिक अस्पताल में पहली बार हुआ ट्रिप्लेट प्रेग्नेंसी का सफल सिजेरियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं पर हर कोई सवाल उठाता है। चिकित्सकों की कमी है, स्पेशल तौर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की। बावजूद इसके नागरिक अस्पताल में पहली बार ट्रिप्लेट प्रेग्नेंसी (तीन बच्चों की गर्भावस्था) का सफल सीज़ेरियन ऑपरेशन किया गया। जो सामान्य सर्जरी से कहीं अधिक जटिल और जोखिम भरा होता है। एक साथ तीन बच्चों को देख कर जच्चा व उसके परिजन बेहद खुश हैं। हालांकि ऐसे मामलों में मां और बच्चों की सेहत को लेकर अत्यधिक सतर्कता बरतनी होती है।

क्योंकि यह गर्भावस्था उच्च जोखिम वाली श्रेणी में आती है। ऑपरेशन की हर एक प्रक्रिया स्पाइनल एनेस्थीसिया से लेकर भ्रूणों की सुरक्षित डिलीवरी तक, गहरी विशेषज्ञता और टीमवर्क की मांग करती है। चिकित्सकों ने इस कार्य को बेहतरी से किया और जच्चा व तीनों बच्चे स्वस्थ हैं।

## सफल आप्रेशन से अस्पताल में एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म


जींद। नर्सरी में रखे तीनों नवजात। फोटो: हरिभूमि

### नियमित गायनेकोलॉजिस्ट की नियुक्ति से प्रतिदिन हो रहे सफल आप्रेशन

■ आप्रेशन के बाद जच्चा और तीनों नवजात स्वस्थ

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नियमित गायनेकोलॉजिस्ट की तैनाती हुई है, तब से प्रतिदिन चार-पांच सफल सी सेक्शन ऑपरेशन हो रहे हैं। इससे सैकड़ों महिलाओं को अब घर के पास ही सुरक्षित मातृत्व सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि नागरिक अस्पताल में इसी तरह विशेष और जटिल केस भी पूरी सुरक्षा और संवेदनशीलता के साथ किए जाते रहें। एक मां, तीन नई जिंदगियां और एक टीम जिसने उम्मीदों को हकीकत में बदला है।

### जटिल सर्जरी को डा. राशि ने दिया अंजाम


जींद। चिकित्सक खुशी व्यक्त करते हुए।

*नागरिक अस्पताल में इस जटिल सर्जरी को कुशलता से अंजाम दिया डा. राशी ने। जिनकी स्टीक निर्णय क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण ने मां और बच्चों को एक सुरक्षित जीवनदायिनी राह दी। डा. मृत्युंजय गुप्ता ने एनेस्थीसिया की बारीकियों को बखूबी संभालते हुए ऑपरेशन को सहज बनाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही नर्सिंग स्टाफ से कुलदीप और जन्नत तथा सपोर्टिंग स्टाफ से सरोज, सुनीता और टीम के अन्य सदस्यों ने भी अपना शत-प्रतिशत समर्पण दिखाया। सर्जरी के बाद मां और तीनों नवजात (दो बेटे और एक बेटी) पूरी तरह से स्वस्थ हैं। परिवार की आंखों में आभार, चेहरे पर मुस्कान और दिल में उम्मीद की एक नई रोशनी दिखी।*

### कर्मचारियों की कम संख्या को देखते हुए 8 की बजाए 12 घंटे ड्यूटी की निर्धारित

# गेहूं सुरक्षा के लिए अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर, 102 कर्मी संभालेंगे 252 का काम

गाड़ियों का मुख्यालय से जाने में समय बर्बाद न हो, इसके चलते मुख्य रास्तों पर किया जाएगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


जींद। फायर ब्रिगेड की गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

■ जिले में पांच गाड़ियों की मांग की हुई

गेहूं कटाई का काम अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जाएगा। इस सीजन में खेतों में खड़ी फसलों में लगने वाली आग के मामलों में भी इजाफा हो जाता है। हर वर्ष दर्जनों ऐसे मामले सामने आते हैं। जिसमें आगजनी के कारण किसानों की मेहनत राख में तबदील हो जाती है। ऐसे में यह समय अग्निशमन विभाग के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। स्टॉफ की कमी, साजो-सामान की कमी पानी के लिए वॉटर सोर्स की कमी फायर बिग्रेड विभाग की चुनौतियों में इजाफा ही कर रही हैं। आग की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के पास जिले में गाड़ियों की कमी के साथ स्टाफ की भी भारी कमी है। नियमानुसार एक गाड़ी पर एक छह कर्मियों की जरूरत एक शिफ्ट में होती है। जिले में अग्निशमन विभाग के पास 14 गाड़ियां है। इन सभी गाड़ियों पर एक शिफ्ट में 84 कर्मचारियों की जरूरत होती है। सामान्य तौर पर तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगती है।

अगर तीन शिफ्टों में काम करें तो जिले में 252 कर्मचारियों की जरूरत है। विभाग के पास फिलहाल 102 कर्मचारी काम संभाले हुए हैं। फसलों की कटाई के समय को देखते हुए सभी फायर कर्मियों की छुट्टियां रद्द करके ड्यूटी का समय आठ की बजाए 12 घंटे किया जाएगा।

प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी का समय चार घंटे बढ़ाने के बाद काफी हद तक राहत मिलेगी। इसक अतिरिक्त छुट्टी पर गए कर्मियों को भी ऑन कॉल ड्यूटी के लिए अलर्ट किया जाएगा ताकि आगजनी से निपटने में कोई कोताही न बरती जाए। जिले में पांच गाड़ियों की मांग की हुई है। फिलहाल नई गाड़ियां नहीं मिली। पहले जिले में 18 गाड़ियां थी लेकिन चार गाड़ियों की आयु सीमा पुरी होने के कारण एनसीआर से बाहर भेजी गई हैं। इसके चलते फिलहाल 14 गाड़ियों से व्यवस्था संभाली जाएगी।

#### सभी से अतिरिक्त ड्यूटी ली जाएगी : सुखबीर

जिला अग्निशमन अधिकारी सुखबीर सिंह ने बताया कि सभी कर्मचारियों से अतिरिक्त ड्यूटी ली जाएगी। छुट्टी के बावजूद भी ऑन कॉल अलर्ट रहेंगे। जिले का दौरा कर उन स्थानों को चिन्हित किया जाएगा। जहां से गाड़ियों को घटना के समय आसानी से निकाला जा सके। किसानों की फसल को आगजनी से बचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जितने भी संसाधन हैं, उनके माध्यम से हर घटना से निपटने की तैयारी की जाएगी।

#### प्रत्येक खंड में तैनात की जाएगी गाड़ी

विभाग के पास भले ही गाड़ियां, कर्मचारी व अन्य संसाधनों की कमी है लेकिन व्यवस्थाएं बनाने में विभाग ने पिछले वर्ष भी बेहतर काम किया था। इस वर्ष भी यही योजना आगजनी से निपटने की बनाई जाएगी। बीते वर्ष प्रत्येक खंड के उन चौकों पर गाड़ियों को तैनात किया गया था। जहां से किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए शहर पार न करना पड़े। सूचना के 10 मिनट बाद गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचाई गई थी।

#### गत वर्ष भी हुई थी आगजनी की घटनाएं

पिछले वर्ष भी गेहूं में आगजनी की जिले में काफी घटनाएं हुई थी। इनमें सैंकड़ों एकड़ फसल राख में तबदील हुई थी। इस वर्ष इस तरह की घटनाएं न होंए इसके लिए फायर बिग्रेड की तैयारियां तो पूरी हैंए मगर अभाव के चलते फायर बिग्रेड अपने मिशन पर कितना सफल होती है ये देखने वाली बात होगी।


जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते मिड-डे मीलन वर्कर। फोटो: हरिभूमि

## नायब तहसीलदार को मिड-डे मील वर्कर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

■ वर्कर का वेतन सात हजार रुपये से बढ़ा कर 15 हजार किया जाए

मिड-डे मील वर्कर यूनियन ने रविवार को मांगों को लेकर नेहरू पार्क में रोष बैठक की। बैठक के बाद मांगों को लेकर नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ को ज्ञापन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान इंद्र सिंह मलिक ने की।

उन्होंने मांग की कि मिड-डे मील वर्कर का वेतन सात हजार रुपये से बढ़ा कर 15 हजार रुपये किया जाए। मिड डे मील वर्कर को 10 की जगह 12 माह वेतन दिया जाए। मिड-डे मील वर्कर को रिटायरमेंट पर दो लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए। मिड-डे मील वर्कर को वर्दी भत्ता 600 रुपये से बढ़ा कर 2500 रुपये किया जाए। मिड-डे मील वर्कर की अगर ड्यूटी के दौरान मौत हो जाती है तो उसके परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। मिड-डे मील वर्कर को समय पर वेतन नही मिलता है। कई बार तीन-चार माह वेतन नही मिलता है। प्रत्येक माह सात तारिख को वेतन दिया जाए।

#### मौके पर यह रहे मौजूद

इस मौके पर राज्य उप प्रधान दलशेर, सुनीता, रीना,मीना, नीलम, सुनीता, रेखा, रजनी, बबली, बिमला, मीना, पिंकी, लखविंद्र, कमलेशर, जयराज आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचे माता भ्रामरी धाम


जींद। देवभूमि माता भ्रामरी मंदिर माता दरबार में पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

**जींद।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पहुंच कर पूजा अर्चना की। माता से देश, प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना की। मंदिर पुजारी शिव कुमार कौशिक ने कहा कि साल में दो बार नवरात्र में माता भ्रामरी धाम पर मेला लगता है। हर महीने श्रद्धालु माता की पूजा.अर्चना करने पहुंचे थे। जब पीएम नरेंद्र मोदी हिसार में चुनाव के दौरान आए थे तो माता भ्रामरी धाम का जिक्र अपने संबोधन में किया था। देश के कौने-कौने से श्रद्धालु माता की पूजा.अर्चना करने पहुंचते है। सच्चे मन से माता की पूजा.अर्चना करने पर माता मनोकामना पूर्ण करती है।

## दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिडंत में युवक की मौत

■ मंत्री के काफिले की गाड़ी ने पहुंचाया अस्पताल

**जींद।** नरवाना में शनिवार शाम को दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक घायल हो गया। हादसे के दौरान मंत्री कृष्ण बेदी के काफिले की सरकारी गाड़ी गुजर रही थी तो घायलों को गाड़ी में डालकर नरवाना अस्पताल पहुंचाया। नरवाना क्षेत्र के शाम पौने सात बजे के करीब गांव फरैण कलां व दबलैन के बीच में दो बाइक आमने-सामने टकरा गए। एक बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक बाइक पर फुलियां कलां गांव के सरपंच का भतीजा जयभगवान सवार था जबकि दूसरे बाइक पर सवार युवक की पहचान नहीं हो पाई। जयभगवान के सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में ले जाते समय मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक चालक के भी चेहरे पर गंभीर चोटें आई। हादसा होने पर डायल.112 की टीम मौके पर पहुंची और बाइक को एक साइड में हटाया गया ताकि उनको देखते हुए कोई हादसा न हो। मृतक युवक जयभगवान के स्वजन नागरिक अस्पताल में पहुंचे । शव का रविवार को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

# भाजपा कब खोलेगी तीनों नगर पालिका चुनावों के चेयरमैन और चेयरपर्सन के लिए दरवाजे

■ तीनों नगर पालिका चुनावों के चेयरमैन और चेयरपर्सन भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल


कैथल। ज्योति सैनी को सम्मानित करते नवनियुक्त चेयरमैन और चेयरपर्सन।

कैथल में भाजपा का कुनबा बढ़ता नजर आ रहा है। रविवार को कैथल की तीनों नगर पालिका चुनावों के चेयरमैन और चेयरपर्सन कैथल की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से मिले और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इनमें सीवन से हेमलता सैनी, पूंडरी से बबली गोस्वामी, कलायत से अंकित जैलदार शामिल थे। उन्होंने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। तीनों चेयरमैन अपने शहर में विकास को तेज गति देने के लिए जल्द ही भाजपा में भी जा सकते हैं।

बता दें कि हाल ही में पार्टी के उच्चाधिकारियों द्वारा यह कहा गया था कि भाजपा से बागी होकर चेयरमैन और चेयरपर्सन बने नेता व नेत्रियों को भाजपा में शामिल नहीं किया जाएगा। दूसरी पार्टियों से विजयी रहे नेताओं की नींद हराम हो गई थी। वे जीतने के बावजूद स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे थे। सभी नेता व नेत्रियों को अपने हलके के विकास कार्य को लेकर चिंता सता रही थी लेकिन जिस प्रकार से शनिवार को सभी चेयरमैन व चेयरपर्सन एकत्रित होकर भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले हैं, उससे राजनीतिज्ञ कई मायनों से देख रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में ये सभी भाजपा का दामन संभाल सकते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में करवाए गए निकाय चुनाव में जिला कैथल से तीनों नगरपालिकाओं से चुनावी मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशियों को हार कर सामना करना पड़ा था। अधिकतर की हार का कारण भी भाजपा से बागी हुए प्रत्याशी ही बने थे। ऐसे में हार हुए प्रत्याशियों ने इसे लेकर पार्टी उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवा दिया था। भाजपा हाई कमान द्वारा कैथल के भाजपा जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ के स्थान पर ज्योति सैनी को जिलाध्यक्ष बनाया है।

**सम्मान** शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए शहर में निकली श्रद्धांजलि बाइक यात्रा

# युवाओं ने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए लगाए भारत माता की जय के जयकारे

शहीदों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


जींद। शहर में निकाली गई शहीद यात्रा में शामिल हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो: हरिभूमि

जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष में श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। इस श्रद्धांजलि यात्रा में सैंकडों बाइक व 150 से ज्यादा गाड़ियों व 50 ट्रैक्टरों का काफिला पहुंचा।

यह यात्रा रेलवे जंक्शन से शुरू होकर शहीदी स्मारक पर संपन्न हुई। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के प्रदेश संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले सात सालों से श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर बार हजारों की संख्या में देशभक्त पहुंचते हैं तथा हिंदुस्थान के लिए बलिदान हुए देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमारे वास्तविक हीरो वही हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व देश पर न्यौछावर कर दिया है। अतुल चौहान ने कहा कि आज के युवा साथियों को देश धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं।

#### 12 सालों से निकल रही यात्रा: अतुल चौहान

सरकार को चाहिए कि देशभक्तों की जीवनी को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे इन महान लोगों के बारे में जान सकें व इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे लेकर जाने में अपना योगदान दे सकें। संगठन के जिला प्रधान सुभाष शास्त्री ने बताया कि जिन महान आत्माओं ने हमारे देश के लिए बलिदान दिया है, उन्हें हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के प्रदेश संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि यात्रा 12 सालों से निकाल रहे हैं। हमारा लक्ष्य यही है कि जो नए बच्चे हैं, उनके अंदर हमारे शहीदों के प्रति समर्पण हो, उनके लिए सम्मान हो। उनको पता ही नही है कि शहीद कितन हुए हैं लेकिन सात लाख लोग शहीद हुए हैं।

शहीदों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उनके द्वारा किए गए संघर्ष व देश के लिए दिए गए बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। इस मौके गऊ सेवा दल के जिला प्रधान भूपेंद्र पंडित, देवेंद्र डांगी, अमित सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

## शिवचरण कंसल फिर बने श्री गोशाला एसोसिएशन के प्रधान

**सफीदो।** श्री गोशाला एसोसिएशन सफीदों मंडी की बैठक रविवार को गौशाला प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक के सभापति हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग रहे। गौरतलब है कि यह बैठक गोशाला कमेटी का लेखाजोखा देने व नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में प्रधान शिवचरण कंसल ने गौशाला का पूरा लेखा-जोखा सिलसिलेवार प्रस्तुत किया। हिसाब किताब देने के बाद उन्होंने कहा कि अगर किसी को इस हिसाब की कोई बारिकी से डिटेल लेनी है, वह उनसे किसी भी वक्त ले सकता है।

उसके उपरांत गोशाला समिति के सचिव संजय देशवाल ने गोशाला में करवाएं गए विकास कार्यों को गिनवाया। इसके बाद प्रधान शिवचरण कंसल ने अपनी पूरी कार्यकारिणी का इस्तीफा सभापति चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग को सौंप दिया। उसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर कार्रवाई शुरू हुई। सभापति ने उपस्थित लोगों से नए प्रधान के लिए नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा लेकिन काफी देर तक भी प्रधान पद के लिए कोई नाम सामने नहीं आया। सभापति चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि शिवचरण कंसल ही इस गोशाला के प्रधान रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1069 वें दिन भी जारी रहा एजिस की अध्यक्षता बलदेव सिंह ढाकल ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्मगढ़ ने किया ।मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने मंच सांझा करते हुए बताया कि किसानों पर सरकार की वायदा खिलाफी का कभी गुस्सा देखा जा रहा है और धीरे धीरे किसान एक बार फिर आंदोलन की ओर अग्रसर हैं ।

### मेहनत हमेशा छात्र के काम आती है : सतेंद्र

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में रविवार को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। छात्रवृत्ति परीक्षा में परीक्षार्थियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। परीक्षा में जींद शहर के सभी स्कूलों के लगभग 374 बच्चों ने भाग लिया, जो बहुत ही प्रशंसनीय व सराहनीय था। स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुप्रीम स्कूल ने हमेशा छात्रों की भलाई में अपनी गहरी दिलचस्पी ली है और विभिन्न मोर्चों पर समर्थन किया है। छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्र व छात्राओं द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर कुछ छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### 200 मीटर दौड़ में दीपांशु रहा प्रथम

**ढांड।** दा इंटरनेशनल रिलिफ ग्रुप द्वारा महर्षि दयानंद की 200 वीं जयंति के अवसर पर बाबू अनंतराम जनता महाविद्यालय के प्रांगण में 10 वीं एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर समाज सेवी अशोक कुमार ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश आढ़ती कौल ने की। अशोक कुमार ने कहा कि आपके लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि आपको दा इंटरनेशनल रिलिफ ग्रुप जैस मंच मिला है।

### एक्शन कमेटी ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

**गुहला-चीका।** ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों पर बातचीत का समय लेने हेतू हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को उनके चंडीगढ़ निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के कन्वीनर कुलभूषण शर्मा ने किया।

### स्वयंसेवकों ने विशेष यात्रा की शुरुआत की

**नरवाना।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थानए नरवाना के राष्ट्रीय सेवा योजना ;छैद्ध के स्वयंसेवकों द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर में आज पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पर्यावरण यात्रा की शुरुआत की गई। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में हरियाली को बढ़ावा देनाए स्वच्छता का संदेश फैलाना और जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक करना है।स्वयंसेवकों ने पेड़ लगाओए प्लास्टिक हटाओए पर्यावरण को बचाओ हरियाली फैलाएंए पर्यावरण बचाएं दूषित नहीं करना जल बर्बाद हो जाएगा ।

## कश्यप-निषाद संगठन का राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न

# युवा नशे से दूर रहकर महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलें : कश्यप

संस्था के पदाधिकारियों ने राज्य ंत्री नरेंद्र कुमार व अन्य अतिथियों का पगड़ी पहनाकर किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


जींद। कार्यक्रम में मौजूद राज्य मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप व अन्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

कश्यप-निषाद संगठन का राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को नगर की महर्षि कश्यप धर्मशाला में आयोजित हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने शिरकत की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में चीफ व्हीप हरियाणा सरकार मा. रामकुमार कश्यप, कश्यप-निषाद संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मा. चतर सिंह कश्यप, राष्ट्रीय सचिव जगदीश कश्यप मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर कश्यप ने की। आयोजक संस्था के पदाधिकारियों ने राज्य मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप व अन्य अतिथियों का फूलों की मालाएं व पगड़ी पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रवजलित करके किया गया। की गई। अपने संबोधन में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप निषाद संगठन कई वर्षों से समाजहित में कार्य कर रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकता के बंधन में बांधने के साथ-साथ राजनीतिक शैक्षणिक और सामाजिक तौर पर मजबूत बनाना है। संगठन के माध्यम से देशभर में महर्षि कश्यप के दिखाए हुए रास्ते पर समाज को चलाने का काम किया। अनेक संस्थाएं महर्षि कश्यप के नाम से देश में बनाई गई। संगठन की राजनीतिक चेतना से आज हरियाणा और यूपी में सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर, जिला परिषद मेंबर, विधायक और एमपी व मंत्री बने हैं। यह सिलसिला और संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। संगठन को मजबूत बनाने के लिए ब्लॉक, जिला व प्रदेश स्तर पर इकाइयां बनाई जाएंगी। संगठन की मजबूती के कारण ही देश में महर्षि कश्यप जयंती को प्रदेश स्तर पर मनाया जाता है और उस दिन अवकाश भी रहता है।

राज्य मंत्री ने कहा कि वे और यह संगठन कश्यप समाज के साथ-साथ देशभर में पिछड़े समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नशे से दूर रहकर महापुरूषों के बताए रास्ते पर चलकर निरंतर तरक्की के मार्ग पर अग्रसर हों।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चतर सिंह कश्यप, राष्ट्रीय सचिव जगदीश कश्यप, तरसेम कश्यप, नरेंद्र कश्यप, सुनीता कश्यप, पार्षद नफे सिंह, दरयाव सिंह कश्यप, महेंद्र कश्यप, शमशेर कश्यप, राजेंद्र कश्यप, कुलदीप कश्यप, वेद कश्यप, सता राम कश्यप, शंकर, कर्मवीर कश्यप, वेद कश्यप, दलवीर कश्यप, धर्मवीर कश्यप, डॉ रणधीर कश्यप, कर्म सिंह कश्यप, रणधीर, सुलखनी, दिलीप कश्यप, पालाराम कश्यप, रणधीर, रामजी लाल कश्यप, आरडी कल्याण, रघुनाथ तंवर, एडवोकेट जयपाल कश्यप, रफल, एडवोकेट राजपाल कश्यप, रतन कश्यप व सुरेंद्र कश्यप सहित काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

# बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें

■ राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर मे मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीएम मीडिया को आर्डिनेटर को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर मे वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के रूप मे मुख्यमंत्र हरियाणा सरकार के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबडा ने शिरकत की व विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने शिरकत की। ग्राम पंचायत सरपंच सुखबीर व विद्यालय प्रिंसिपल रोशनी तथा एसएमसी प्रधान भूपेंद्र व उप प्रधान राकेश सहित प्राथमिक विद्यालय मुख्य शिक्षक महावीर प्रसाद ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अरे द्वारपालों व हरियाणवी प्रस्तुति ने मुख्य अतिथि अशोक छाबड़ा को भी सम्मोहित कर दिया। मुख्यअतिथि अशोक छाबडा ने अभिभावकों को संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों मे बच्चों के लिए अनेक योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। जिसका फायदा सभी बच्चों को मिले इसके लिए जरूरी है कि आप सभी को अपने बच्चों का दाखिला अधिक से अधिक सरकारी विद्यालयों मे करवाना चाहिए।

# सैनी यूथ फेडरेशन ने बहादुर सैनी को किया सैनी रत्न अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सैनी यूथ फेडरेशन की तरफ से चंदाना गेट वार्ड नंबर 29 स्थित सैनी भवन में बलिदानी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार सैनी ने की जिसमें सैनी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले युवा-युवतियों के साथ-साथ प्रशासनिक विभागों में कार्यरत युवाओं, समाजसेवी, गांव के सरपंच, विभिन्न संस्थाओं का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यूथ फेडरेशन की तरफ से एक नई शुरूआत करते हुए सैनी रत्ना अवार्ड की गई। यह अवार्ड इस बार प्रमुख समाजसेवी मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन एवं वेदश्री इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन बालकिशन उर्फ बहादुर सैनी को दिया गया। कार्यक्रम में सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी, अमरगढ़ गामड़ी के प्रधान हरी किशन सैनी, पहलवान कृष्ण सैनी, कर्म सिंह सैनी, कृष्ण सैनी कैटर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति के पूर्व प्रधान वीरभान सैनी, रोशन लाल सैनी, यूथ फेडरेशन हरियाणा के प्रभारी सिंगर कुलबीर सैनी, पंजाब प्रभारी नायब सिंह पटाकमाजरा, राजकुमार सैनी, तारा चंद सैनी, सीवन नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# हिंदू कालेज में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। स्वच्छता की शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कालेज एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा योग प्रशिक्षण द्वारा हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने संपूर्ण कॉलेज के बाग बगीचों एवं खेल मैदान परिसर में अपना श्रमदान दिया। अगले सत्र में सेव संस्था के गणमान्य सदस्य जो अब तक 417 स्वच्छता अभियान लगा चुके हैं ने शिरकत की। एनएसएस प्रभारी डा. अंशु ने सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा जो नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं उनका तथा अन्य सदस्यों का स्वागत किया तथा उन्हें व्याख्यान के लिए मंच पर आमंत्रित किया। नरेंद्र नाडा ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैसे स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से संबंधित है। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य और अनुशासन की महत्ता एवं स्वस्थ रहने के लिए बहुमूल्य बातों का वर्णन किया। इसके बाद जोरा सिंह रेढू ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज का दिन शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है, यह कितना महत्वपूर्ण दिन है उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की शहीदी का भी महत्व बताया। इसके पश्चात ब्रहमजीत देशवाल ने भी छात्राओं को संबोधित किया। मौके पर सेव संस्था के सुजान सिंह पूनिया, बलबीर सिंह, बलजीत रेढू आदि भी मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी डा. अंशु ने सेव संस्था के सदस्यों को आने के लिए धन्यवाद किया।

# एनएसएस शिविर में किया योगाभ्यास

■ स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत पर विचार बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

धर्म महिला महाविद्यालय में चल रहे विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से की गई। योगाभ्यास डॉ धूप सिंह व मैडम मनीषा द्वारा करवाया गया। सुबह के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत पर विचार बैठक की। इस विचार बैठक की अध्यक्षता एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ जितेंद्र कुमार ने की। इसके बाद सभी स्वयंसेवकए महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान और सभी कार्यक्रम अधिकारियों के साथ कार सेवा के लिए पवित्र तीर्थ स्थल धमतान साहिब गए। सभी स्वयंसेवकों ने रसोई घरए गुरु घरए सरोवर के आसपास के स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया। डॉ अंजना लोहान ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्म ही पूजा है अर्थात जीवन में कर्म का बहुत महत्व है। मनुष्य को कर्म करते रहना चाहिएए कभी फल की आशा से कोई कार्य नहीं करना चाहिए क्योंकि हम जो कर्म करते हैं उसका परिणाम तो अवश्य ही आता है। इसलिए हमें हमेशा शुभ कर्मों में लगे रहना चाहिए। मैडम रेखा कोहली ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। हमेशा प्रयत्नरत रहना चाहिए। दोपहर बाद के सत्र में श्री राजीव कुमार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया और नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन के द्वारा फाइनेंशियल कंज्यूमर ट्रैकिंग व साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन एनएसएस वालंटियर कुमारी विधि ने किया।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारीए प्रोफेसर जयपाल आर्यए दीपालीए मधु शर्माए मूर्ति जागलानए कीर्तिए वंशिकाए डॉ संजय कुमारए डॉ देवेंद्रए डॉ रविंद्र आदि मौजूद रहे। रात्रि में छात्र.छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा प्राचार्या डॉ अंजना लोहान व मैडम रेखा कोहली ने लिया।


स्थानक में पहुंचे धर्म प्रेमी।

### जहां स्वार्थ नहीं हो वो होती है सच्ची मित्रता: मुनि मनीष

**जींद।** सुदर्शन संघ के अरूण चंद्र महाराज के सुशिष्य मनीष मुनि ठाणे 3 के सान्निध्य में श्रीएसएस जैन सभा स्थानक में मित्रता दिवस मनाया गया। मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे तो अध्यक्षता नपा प्रधान विकास काला ने की। मनीष मुनि ने कहा कि जब भी सच्चे मित्रता की बात चले तो भगवान श्रीराम, सुग्रीव एवं भगवान कृष्ण व सुदामा की बात जरूर चलती है। दोस्ती में अमीर, गरीब नही होता है। जहां स्वार्थ नहीं हो वो दोस्ती होती है। जहां स्वार्थ हो वो दोस्ती नहीं होती है। आज के दौर में सच्चे दोस्त मिलना बहुत मुश्किल है। मतलब के दोस्त ज्यादा होते है। एक-दूसरे की चर्चा, जुगली करके आपस में मनमुटाव करने वाले लोग दोस्त नहीं हो सकते है। ऐसे लोग सिर्फ जब तक आपके साथ रहेंगे जब तक उनको फायदा आपसे होगा। जब उनको लगा कि आपसे फायदा नहीं होगा तो वो आपके साथ नहीं होंगे। आज के दौरे में सच्चे दोस्त मिलना बहुत मुश्किल है। मुनि ने कहा कि भगवान कृष्ण द्वारका के राजा थे। सुदामा गरीब होने पर जब अपने दोस्त के पास गया तो वहां उसे अंदर नहीं जाने दिया। जो द्वारपाल थे उनके द्वारा जब भगवान कृष्ण को सुदामा के बारे में बताया तो भगवान कृष्ण नंगे पांव अपने बाल सखा से मिलने के लिए दौड़ पड़े।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किनाना में पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

■ प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गांव किनाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जल चौपाल व जल संरक्षण पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच राजकुमार आर्य, स्कूल मुखिया सुरेश रेढू व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड समन्वयकों ने प्रशंसा पत्र देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की माही प्रथम स्थान पर रही। छठी कक्षा की सिमरन दूसरे स्थान पर व आठवीं क्लास की प्रिया तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की अंशु प्रथम स्थान पर, सातवीं कक्षा की सारिका दूसरे स्थान पर व सातवीं की संगीता तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर सरपंच राजकुमार आर्यए स्कूल मुख्या सुरेश रेढू व खंड समन्वयक दिनेश मलिक, खंड सम्यक सुरेंद्र दुग्गल, कुशल शर्मा व जुलाना खंड समन्वयक सोमलता सैनी ने ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।


शहीदी दिवस मनाते हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सदस्य

### शहीदों के सपनों को करेंगे साकार

**कैथल।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति,ढांड द्वारा,स्थानीय बालाजी धर्मशाला के परिसर में शहीदी दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता सुशील पंच ने की,संचालन मास्टर महेंद्र कुमार ने किया,गोष्ठी में शामिल सदस्यों ने शहीदों के सपनों को साकार करने की शपथ ली। गोष्ठी की शुरूआत शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ की। गोष्ठी में जयपाल पंवार,रामेश्वर प्रजापति,पृथ्वी प्रजापति,मोहम्मद रफी, जितेंद्र मालिक, सुरेश कुमार, उषव, दिलीप भट्ट पंवार, दर्शन ,महेंद्र ने भाग लिया।

# वेदा इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


नरवाना। प्रतिभा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पटियाला रोड स्थित बहु प्रतीक्षारत वेदा इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन हुआ। वेदा इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन विधिवत रूप से क्षेत्र की विलक्षण प्रतिभाएं जैसे जगदीप डांडा एअनिल बिडानए मनजीत चहल ने नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान शहर की काफी संस्थाएं जैसे भारत विकास परिषद शाखा नरवाना भारत विकास की परिषद केशव शाखा रोटरी क्लब लायंस क्लब नरवाना क्लब नरवाना वेलफेयर सोसाइटी मां अन्नपूर्णा संस्थान मुकेश यादगार समिति सहित सभी गणमान्य संस्थाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में नगर की कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे सभी ने अपने शुभकामनाएं नवनिर्मित वेदा इंटरनेशनल स्कूल को प्रेषित की। कार्यक्रम में डीएसपी साहब श्री अमित भाटिया एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन की गौरवमई उपस्थिति रही। मंच से स्कूल के एचडी सुरेश मित्तल ने नव निर्मित स्कूल बनाने का मूल उद्देश्य सैद्धांतिक एवं नैतिक मूल्यों के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वल स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक एवं गीत गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**कार्यक्रम** | डिप्टी स्पीकर ने रक्तदाताओं की करी हौसलाअफजाही

# हैल्पिंग एंड समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। रक्तदाताओं को बैज लगा हौंसलाअफजाही करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को हैल्पिंग एंड समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष संदीप ढिल्लो ने की। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री पहुंचे और रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौंसलाअफजाही की। शिविर में 200 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने संस्था को पहला रक्तदान शिविर लगाने पर बधाई दी और कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप लगाना बहुत ही नेक कार्य है। आज जो शहीदी दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर लगा कर हेल्पिंग हैंड संस्था ने यह कार्यक्रम किया है, उसके लिए वो प्रधान व संस्था का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने एक अच्छी सोच के साथ ब्लड डोनेशन कैंप का पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज शहीदी दिवस है और शहीदी दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को नमन किया गया है। आज शहीद दिवस के उपलक्ष पर यात्रा भी निकाली गई है। बहुत सी संस्थाएं शहीदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम कर रही है। गरीब बच्चों की शादी में भी मदद कर रहे हैं। इससे हमारे युवाओं को बहुत प्रेरणा मिलती है।

#### ऐसे गाने नहीं बनाए जिससे संस्कारों पर ठेस पहुंचे

हरियाणवी गायकों के बैन गानों पर डा. मिड्ढा ने कहा कि वो इस विषय पर नही जाना चाहते हैं। परंतु किसी को भी ऐसे गाने नही बनाने चाहिए जिससे हमारे संस्कारों पर ठेस पहुंचे। ऐसे गानों से पूरा समाज प्रभावित होता है। इसलिए ऐसे गाने नही बनाने चाहिए। पत्रकारों ने पूछा कि दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि इस बजट में डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इस विषय पर हमें कोई बात करना नही चाहता हूं। परंतु यह बजट बहुत अच्छा है। सभी विधायकों को अपनी-अपनी बातें रखने का मौका दिया गया है। मैने दो मांगे रखी थी, जिन्हें मंजूर कर लिया गया है। इसके लिए मेरा सहयोग आदित्य देवीलाल विधायक ने भी किया। गांव में एक ऐसा मॉडल बनाना चाहिए कि गांव में अच्छी गाली बने तथा शहरों में अच्छी मार्केट बने इस पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी मोहर लगा दी है।

खबर संक्षेप



## नरेश कौल बने आढ़ती एसो. कौल के प्रधान

**ढांड।** अनाज मंडी एसोसिएशन कौल की बैठक रामनिवास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें नरेश कुमार कौल को अगले वित्त वर्ष के लिए प्रधान,जितेंद्र बंसल को उपप्रधान,महाबीर सिंह को कैशियर,जोगिंद्र सिंह को सचिव तथा बलवान सिंह को प्रेस प्रवक्ता चुना गया है। मौके पर ईश्वर सिंह बट्टी,सुलतान सिंह, मा.रामनिवास, सुरेंद्र कुमार,राजपाल कौल, राज किशन, नरेश व आढ़ती मौजूद थे।

## बेटा और बेटी एक समानः साध्वी भारती

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के सामने प्रोफेसर कॉलोनी में स्थित दिव्या ज्योति जागृत संस्थान मे महिला दिवस के अंतर्गत एक



विशेष कार्यक्रम किया गया। इसमें सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी तपस्विनी भारती ने अपने प्रवचनों में नारी को जागरुक करते हुए कहा कि एक नारी के लिए बाहरी शिक्षा के साथ दीक्षा का होना बहुत जरूरी है क्योंकि बाहरी शिक्षा बाहर से संबल देता है किंतु दीक्षा हमें आंतरिक संबल देता है। एक नारी की आंतरिक शक्ति को जाग्रत करती है और आंतरिक शक्ति जागृत तब होना संभव है।

## हरित परिवार ने 1.05 लाख की राशि सौंपी



**राजौंद।** राजौंद वार्ड नंबर 2 में स्थित सती स्थल की मरम्मत व नव निर्माण करवाने के उद्देश्य से सहायता राशि एकत्रित के लिए मीटिंग बुलाई गई। इस मीटिंग में करोड़ा गांव से आनंद हरित, महावीर हरित, राजेश हरित, वीरेन्द्र हरित तथा कैथल से मांगे राम शर्मा, महेन्द्र हरित,भुन्ना से उदयभान, राजौंद से पंडित राम भगत, जवाहर लाल, योगेश, महिपाल, पवन शर्मा, कृष्ण शर्मा शामिल हुए। गांव करोड़ा व कैथल से हरित परिवार के सदस्यों ने सबसे पहले 105300 की सहयोग राशि सुधार समिति के अध्यक्ष को सौंपी। भुन्ना से आए उदयभान ने अलग से 10500/-की राशि समिति के अध्यक्ष को सौंपी।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** कैथल- कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव पबनावा के निकट ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पबनावा के कुशल ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 जनवरी को जब उसका पिता रामधन बाइक पर सवार होकर गांव से जा रहा था तो एक अज्ञात ट्रक चालक ने अपने ट्रक को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसके पिता को चपेट में ले लिया। हादसे में बुरी तरह से जख्मी उसके पिता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी युवा सभा ने लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान महादान है क्योंकि इससे किसी का अनमोल जीवन बचाया जा सकता है : जांम्बा

- रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्तदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पंजाबी युवा सभा फतेहपुर-पूंडरी द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में व निफा टीम कैथल के सहयोग से पंजाबी धर्मशाला पूंडरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में हल्का विधायक सतपाल जांम्बा व विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनियुक्त पार्षद सरिता कत्याल ने किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सभा के प्रधान दीपक नंद्राजोग नें की। मंच का संचालन डा. राजेश कुकरेजा नें किया।

विधायक सतपाल जांम्बा नें रक्तदान के बारे में रक्तदाता को जागरूक करते हुए रक्तदान का महत्व बताया। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, जिसका कारण है कि रक्तदान करने वाला ये सोचकर रक्तदान नहीं करता कि उसके रक्त को किसी दिया जाना है, बल्कि आपात स्थिति में किसी भी व्यक्ति की अनमोल जान को बचाया जा सकता है। रक्तदान करने से शरीर पर भी किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है, बल्कि रक्तदाता में नई रक्त कोशिकाओं सृजन होता है और नया खून बनता है। कई





**पूंडरी।** रक्तदाता को बैच लगाकर सम्मानित करते हुए विधायक सतपाल जांम्बा व मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

प्रकार की बीमारियां स्वतः ठीक हो जाती है और कई सौ रुपए के टेस्ट भी फ्री हो जाते है। उन्होंने रक्तदाता को बैज लगाकर सम्मानित किया। शिविर में 104 रक्तदाताओ द्वारा रक्तदान किया गया।

संस्था प्रधान दीपक नंदराजोग द्वारा बताया गया की संस्था द्वारा एक वर्ष के अंदर यह चौथा रक्तदान शिविर है। इन कैंपों के अंदर 384 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। संस्था सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान दीपक कुमार नंद्रा जोग, सचिव संजीव कत्याल, मास्टर जोगिंदर, रामप्रकाश गोगी, सरपंच सोहनलाल वर्मा, राजेश कुकरेजा, डा. महेश, समाज सेवी अजीत बक्शी, रमेश दुआ, मा. राम लुभाया, सतपाल चुग, वीना सेठी, पपु प्रधान, राघवेंद्र नागरथ, बंटी ग्रोवर, जगदीश क्वात्रा, अजीत सिंह राईका, अशवनी शर्मा, धर्मेंद्र गक्कखड़, सचिन उप्पल, कशिश मदान, निशांत उप्पल, राजेश बग्गा, रजत चचडा, देव मिगलानी व नीटू दुआ भी उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों ने हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड पर इकट्ठे होकर पुष्प अर्पित किए : जगजीत फौजी

**कैथल।** 23 मार्च का दिन हमारे देश के इतिहास में जो शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव थापर शिव कुमार राजगुरु के नाम से जाना जाता है ये तीनों बलिदानी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई के अंदर हंसते-हंसते फांसी पर चढ़कर देश के आने वाली पीढ़ी को बलिदान देने का पाठ पढ़ा था और आजादी के लिए लड़ने का रास्ता दिखाया। उनके बलिदान दिवस की याद में देश भर के अंदर इनको श्रद्धांजलि दी जाती है और रविवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सभी पूर्व सैनिकों ने हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में इकट्ठे होकर पुष्प अर्पित करके और पूर्व सैनिक लोक गायक कलाकार फौजी कर्मवीर प्रतिनिधि वाइस चेयरमैन जिला परिषद कैथल ने इन शहीदों पर देश भक्ति गीतों से श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन की परंपरा अनुसार पूर्व सैनिक नरेश कुमार हरसोला व राजेश कुमार तारागढ़ के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया और कैप्टन रवि दत्त शर्मा, सार्जेंट धर्मवीर सिंह व लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा ने भी अपना संबोधन रखा और और कैप्टन नर सिंह ढुल का जन्मदिन मनाया गया और उन्होंने शहीद स्मारक पर पार्टी का आयोजन किया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने पटियाला में चल रहे प्रदर्शन के बारे में सभी को अवगत करवाया। जो कर्नल पुष्पेंद्र बाठ व उनके पुत्र अंगद सिंह के साथ में मारपीट की घटना घटी कर्नल साहब की बाजू को तोड़ दिया गया और उनके पुत्र का सिर फोड़ दिया गया और फिर भी पंजाब पुलिस के द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों को बचाया जा रहा है। इस की एसोसिएशन द्वारा घोर निंदा की गई और 22 मार्च को एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई इस के बारे में विस्तार से बताया गया। आज हम सब और पूरा देश शहीदी दिवस मना रहा है और एक साइड में उन्हीं शहीदों की संतान जो देश के लिए समय-समय पर सर्वोच्च बलिदान देते हैं उनकी पिटाई की जाती है और उनके परिवार और देश का पूर्व सैनिक अपनी सुरक्षा एवं मान सम्मान के लिए इंसाफ की गुहार सड़कों पर बैठ कर लगा रहा है लेकिन इंसाफ नहीं मिल रहा। इस मौके पर श्रद्धांजलि देने वालों में महासचिव जे डब्लू ओ दलबीर सिंह, रिशालदार कर्मवीर भाल, हवलदार अभे राम ,एच एफ ओ बलबीर सिंह ,सी पी ओ राजबीर भाना सूबेदार मुख्तार सिंह, हवलदार राजवीर ढूल ,सूबेदार ज्योतिराम, हवलदार लाल सिंह आदि शामिल थे।



**कैथल।** शहीदी दिवस मनाते पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि



**ढांड।** पूर्व छात्र मिलन समारोह में मौजूद पूर्व छात्र। फोटो : हरिभूमि

## डा. पुष्पा अनंत एलुमनाई संगठन की प्रधान बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में अनंत एलुमनाई संगठन द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह व प्रो.ईश्वर सिंह अध्यक्ष हिंदी विभाग की सेवा निवृत्ति से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं मेजबान की भूमिका में प्रो. ईश्वर सिंह व विशिष्ठ अतिथि डा. महेंद्र सिंह रहे। इस समारोह में पूर्व छात्र प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक खेल चुके निशांत देव, प्रसिद्ध हास्य कलाकार रेनू, अनेकों पूर्व छात्र और वर्तमान छात्रों,शिक्षकों,गैर शिक्षकों व गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन से हुई। प्रो. ईश्वर सिंह ने नए पदाधिकारियों के सर्व सम्मति से चयनित करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन के संविधान की प्रक्रिया का निर्वहन करते हुए डा.पुष्पा को प्रधान,नरसी उपप्रधान,अमित कुमार महासचिव एवं पवन कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। नरसी दास,सतपाल साकरा, रामपाल, नरेश कुमार आढती,मेहर सिंह,रणवीर सिंह आर्य आदि पूर्व छात्रों व गणमान्य व्यक्तियों ने प्रोफेसर ईश्वर सिंह की सेवाओं की सराहना की। समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

## कलायतः श्री खाटू श्याम मंदिर में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**कलायत।** कलायत माडल टाउन स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्री श्याम चेरिटेबल ट्रस्ट ने कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य मेहमान के तौर पर आयोजन में पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार गुप्ता ने कलायत नगर पालिका के अधिकांश नव निर्वाचित पार्षदों की मौजूदगी में शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की दीप माला रोशन कर शुरूआत की। श्री खाटू श्याम मंदिर प्रबंध कमेटी की तरफ से प्रधान रामपाल सिंह, वीरेंद्र राणा, पवन गर्ग, एडवोकेट विपुल सिंगला, सुरेश कोयल, सुरेंद्र बंसल, गुलशन कांसल, पंडित विशाल शांडिल्य, कैलाश गुप्ता, संदीप दीप टाईल्स, सोनू गोयल, प्रवीण जांगड़ा, गौरव भारद्वाज, मदन लाल कंसल, विशाल वर्मा, संदीप कंसल, बलबीर सिंह, साहिल गर्ग, शुभम गर्ग, राजेश जिंदल, दिनेश पंवार, राजेंद्र बंसल और विजय गौड ने मेहमानों का अभिंदन किया। शिविर में 62 से अधिक ने रक्तदान किया।

## 762 ग्राम गांजे सहित तस्कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एंटी नारकोटिक सैल द्वारा एक नशा तस्कर को 762 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई सिंह राज की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान सीवन गेट कैथल के पास मौजूद थी। पुलिस को जानकारी मिली कि राजीव कॉलोनी कैथल निवासी अमित घर के आसपास नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचता है। पुलिस टीम ने राजीव कॉलोनी कैथल निवासी अमित के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध अमित कुमार उपरोक्त को पॉलीथिन सहित काबू कर लिया गया। तहसीलदार कैथल रविंद्र हुड्डा के समक्ष तलाशी दौरान आरोपी से पॉलीथिन से 762 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई।

### जींद में 235 ग्राम सुल्फा के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव जमनी से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 235 ग्राम सुल्फा बरामद किया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपित से पूछताछ कर दी है। सीआईए स्टाफ पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जामनी निवासी जगबीर सुल्फा बेचने का काम करता है।सूचना के आधार पर पुलिस रिटौली रोड पर रजवाहा के पास पहुंची तो गली में मकान के सामने जगबीर दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देख कर जगदीश पीर की तरफ जाने लगा लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिसकर्मियों ने जब जगबीर की तलाशी ली तो उसके पास से 235 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने जगबीर के खिलाफ नशा निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## शहीदों की कुर्बानी से शिक्षा लेकर देशहित में कार्य करना चाहिएः हरिओम



**गुहला-चीका।** पंतजलि योग समिति गुहला चीका की ओर से विश्वकर्मा मंदिर चीका में शहीदी दिवस मनाया गया। पतंजलि जिला प्रभारी आचार्य हरिओम शोकल के नेतृत्व में सदस्यों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को पुष्प अर्पित कर नमन किया। हरिओम ने बताया कि देश की आजादी के लिए 23 मार्च 1931 को क्रांतिकारी भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव ने बलिदान दिया था। तीनों वीर क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे। मौके पर युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापत, प्रेस प्रवक्ता गुरमीत सीड़ा, ईश्वर चंद, जय भगवान, कश्मीरी लाल गर्ग, इंद्रमोहन मित्तल, सुशील जिंदल, रामपाल व दीपक मौजूद रहे।

## पुलिस का थाना ढांड, सीवन, गुहला तितरम क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

नशा तस्करों की धरपकाड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी राजेश कालिया के निदेर्सानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। रविवार की सुबह एसएचओ थाना सीवन एसआई कुलदीप देशवाल, एसएचओ थाना गुहला एसआई रामपाल, एसएचओ ढांड इंस्पेक्टर राजेंद्र, एसएचओ तितरम एसआई कृष्ण व थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की पुलिस टीमों द्वारा थाना ढांड, सीवन, गुहला, तितरम व थाना शहर क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत नशा तस्करो का पुराना रिकॉर्ड व गुप्त सुचना के आधार पर संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा



**कैथल।** जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। कैथल को नशा मुक्त बनाना उद्देश्यः एसपी कालिया एसपी राजेश कालिया ने बताया कि कैथल पुलिस लगातार नशा तस्करो का पुराना रिकॉर्ड खंगालकर व गुप्त सुचना के आधार पर निरंतर यह कार्रवाई कर रही है।

## लिंग जांच गिरोह में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

लिंग जांच गिरोह में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को गांव मानस के ग्रामीणों ने गांव में धरना दिया। धरने के दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के जिस भी आरोपी ने मशीन को अपने घर में रखवाया पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है जबकि वह भी बराबर का आरोपी है। ग्रामीणों का कहना था कि इस हादसे ने गांव के सम्मान को ठेस पहुंची है।

### मकान से अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद की थी

बता दें कि शनिवार को कैथल और कुरुक्षेत्र की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक मकान से अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद की थी। यहां भ्रूण लिंग परीक्षण का गैरकानूनी काम चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डा. ऋषिपाल को गिरफ्तार किया था। जानकारी के अनुसार डॉक्टर के पास से अल्ट्रासाउंड मशीन और 30 हजार रुपए की नकदी मिली। यह काम पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं अब गांव के लोगों का कहना है कि मकान मालिक भी इस अपराध में बराबर का दोषी है। वह अपने परिवार के साथ इसी मकान में रहता है। ऐसे में उसे इस गैरकानूनी काम की जानकारी न हो, यह संभव नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ साल पहले उनके गांव को बेहतर लिंग अनुपात के लिए सम्मानित किया गया था। परन्तु अब इस घटना ने गांव की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की है और मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो। साथ ही मकान मालिक समेत सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## वरिष्ठ नागरिकों को नहीं मिल रहा उचित सम्मान

- वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक मीटिंग वरिष्ठ नागरिक भवन में प्रधान रूल्दु राम और यशवीर आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मीटिंग की शुरूआत तीन बार गायत्री मंत्र का जाप किया गया।

उसके पश्चात सभी सदस्यों ने आज का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया व सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ नागरिकों ने यह आवाज उठाई कि जब भी वरिष्ठ



**कैथल।** बैठक में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि

नागरिक किसी कार्य हेतु अपने शहर में सरकारी दफ्तरों में जाते हैं तो उन्हें पूर्ण सम्मान नहीं दिया जाता ना ही उनके कार्य प्राथमिकता पर किए जाते हैं। दफ्तर में बैठने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की जाती। जो की अनिवार्य है।

वरिष्ठ नागरिकों को कार्य करवाने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है ।अतः सरकार व प्रशासन से प्रार्थना है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक अस्पताल बिजली विभाग इत्यादि स्थानों पर अलग लाइनों की व्यवस्था की जाए व उनके कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।

समिति के प्रधान व सभी सदस्यों ने श्याम बहादुर खुरानिया को पुरानी अनाज मंडी का 28वीं बार प्रधान बनने पर बधाई दी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन की पेमेंट की सुविधा व मेडिकल सुविधा सरकार द्वारा उनके घर पर प्रदान की जाए। इस अवसर पर रुल्दु राम प्रधान, यशवीर आर्य, सुभाष चंद वर्मा, राजेंद्र कुमार, हवा सिंह, चांदीराम रंगा, रुलिया राम, श्याम बहादुर खुरानिया आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ. बीआर अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में संपन्न

# विकसित भारत युवा संसद 2025 के विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में कैथल और करनाल के प्रतिभाशाली छात्र और छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

विकसित भारत युवा संसद 2025, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। इस कड़ी में दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ. बीआर अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में हर्षोंउल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कैथल और करनाल जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्होंने अपने बौद्धिक कौशल और दूरदर्शी विचारों से सभी को प्रभावित किया। समापन



**कैथल।** विकसित भारत युवा संसद के विजेता पदाधिकारियों के साथ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भांबू रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में भारत को 2047 से पहले एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 12 महत्वपूर्ण कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया और उनसे आह्वान किया कि वे देश की प्रगति में सक्रिय योगदान दें। उनका संबोधन सभी प्रतिभागियों के मन में गूंजता रहा और उन्हें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर करनाल और कैथल जिले के शीर्ष 10 छात्र-छात्राओं को चयनित कर सम्मानित किया गया। वर्तिका, साक्षी, स्वाती, वंशीका, ऋषिता, दिनेश, हनी, प्रदीप कुमारी, सक्षम, वंदना आदि प्रतिभागियों का चयन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की प्रोफेसर नीलम ढांडा, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के डॉ. अमनदीप वर्मा, दैनिक ट्रिब्यून के डॉ. जोगिंदर सिंह, बाल कल्याण समिति, कैथल के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राणा बंसल और संसद टेलीविजन की सुश्री दीक्षा कोहली शामिल थीं। निर्णायक मंडल की विशेषज्ञता और सूक्ष्म मूल्यांकन ने इस प्रतियोगिता को न्यायसंगत और प्रतिस्पर्धी बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मोनिका जाखड़ और श्री सुभाष शर्मा ने किया, जिनके सहज समन्वय ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नवीन वर्मा, प्रो. कमल किशोर, प्रो. मेहर सिंह, प्रो. पुजा, प्रो. मंजु, प्रो. सोनिया बंसल, प्रो. अनुराधा, प्रो. अनु गर्ग आदि सभी स्टाफ सदस्यों ने महत्वपुर्ण सहयोग दिया।

## प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत विकास परिषद शाखा सीवन के सदस्य रवाना

- हिंदू नववर्ष का स्वागत करने से सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग होता प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

भारत विकास परिषद शाखा सीवन के सदस्य लाडवा में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए बस द्वारा रवाना हुए। प्रस्थान से पूर्व प्रांतीय संयोजक मोहित बंसल, सचिव असीम शर्मा और पूर्व प्रधान मोतीराम जांगड़ा ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हरियाणा उत्तर की सभी इकाइयों द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों का विस्तार करना तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

सम्मेलन में हिंदू नववर्ष 2082, 30 मार्च दिन रविवार को प्रत्येक परिवार द्वारा अपने निवास स्थान पर 2 दीप जलाकर उल्लासपूर्वक मनाने का आग्रह किया गया। प्रांतीय संयोजक मोहित बंसल ने हिंदू नववर्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने का अवसर है। इस दिन को दीप जलाकर मनाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह नवचेतना और नवसंकल्प का प्रतीक है, जो समाज में



**सीवन।** सीवन से प्रांतीय सम्मेलन के लिए रवाना होते भारत विकास परिषद शाखा सीवन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

एकजुटता और संस्कारों को प्रबल करता है। हिंदू नववर्ष का स्वागत करने से सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। सभी को इस अवसर पर मिल-जुलकर इसे धूमधाम से मनाना चाहिए।

### मौके पर यह रहे मौजूद

सम्मेलन में भाग लेने के लिए कुसुम बंसल, पूजा रानी, रीटा गोयल, सरोज गर्ग, ममतेश रत्न, सीमा राणा, महिला सहभागिता प्रमुख, राजबाला गर्ग, रेनू शर्मा, कोमल गर्ग, सीवन शाखा के अध्यक्ष अशोक गोयल, रमेश बंसल, रामपाल बंसल, पूर्व प्रधान अनिल गर्ग, नरेंद्र सैनी, सुभाष गर्ग, अधिवक्ता रमेश राणा, राकेश रत्न आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आरजीएम कॉलेज में मनाया जाएगा पूर्व मंत्री का जन्म दिन

**जींद।** राजीव गांधी महाविद्यालय में 25 मार्च को पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यकर्ता, आमजन कार्यक्रम में पहुंच कर उनकी लंबी उम्र की कामना भगवान से करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।

### राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन

**जींद।** उचाना शहर की एसबीआई बैंक के पास श्रीराम परिवार चेरीटेबल ट्रस्ट उचाना द्वारा 14वें मासिक राम-श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। बीते साल जनवरी माह से राम.श्याम संकीर्तन के आयोजन की शुरूआत की थी जो निरंतर जारी है। मंच संचालन सोनू बंसल ने किया तो कलाकार के तौर पर अशोक लाली फतेहबाद पहुंचे। किन्नर समाज से भारती महंत मुख्य रूप से पहुंची। राम-श्याम के गीतों पर श्रद्धालु झूमे। अशोक लाली ने कहा कि हर महीने राम-श्याम का संकीर्तन की जो शुरूआत की है वो निरंतर जारी है। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होते रहने चाहिए।

### 28 तक हरिओम महाराज के सान्निध्य में महायज्ञ

**जींद।** कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहे 1008 कुंडीय महायज्ञ के उचाना संयोजक राजू शर्मा ने कहा कि शांति पूर्वक तरीके से मंत्रोचारण कुरुक्षेत्र में चल रहे 1008 कुंडीय में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ कुछ लोगों को सहन नहीं हो रही। कुछ लोग यज्ञ सम्पूर्ण नहीं होने देना चाहते थे लेकिन उनकी मंशा पूरी नहीं हुई है। 28 मार्च तक 1008 कुंडीय यज्ञ यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सान्निध्य में जारी रहेगा। हरिओम महाराज ने साफ कहा है कि किसी प्रकार की त्रृटि हुई होगी तो उसकी जांच हो। कुछ षडयंत्रकारी यज्ञ को किसी तरह से सम्पूर्ण नहीं होने देना चाहते है लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए है। धर्म नगरी कुरूक्षेत्र में 18 मार्च से महायज्ञ चल रहा है। उचाना से लोग इस महायज्ञ में 28 मार्च तक बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

### सुरेंद्रदत्त बने श्री ब्राह्मण संस्कृत कॉलेज के प्रधान

**जींद।** श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराय की त्रिवार्षिक प्रबंध समिति के चुनाव हुए। इसमें समाज के प्रबुद्धजन और समिति के आजीवन सदस्यों ने भाग लिया। चुनाव अधिकारी दलबीर शर्मा एडवोकेट और एनके गौतम एडवोकेट ने पूरी चुनावी कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाया और समाज की एकमत सहमति से प्रबंध समिति 2025-28 के लिए निर्विरोध कार्यकारिणी का चुनाव कर लिया। इसमें प्रधान पद के लिए सुरेंद्रदत्त गौतम गांव रामराय, वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र प्रसाद शास्त्री खांडाखेड़ी, महासचिव धर्मपाल शास्त्री गतौली तथा कोषाध्यक्ष विजेंद्र कुमार पेटवाड़ को निर्विरोध और सर्वसम्मति से चुन लिया गया।

### शहीदी दिवस के उपलक्ष्य रक्तदान आयोजित

**जींद।** रविवार को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में बाबा दलीप गिरी गऊ शाला बड़ोदा में एक विशाल रक्तदान व स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि उचाना विधानसभा के विधायक देवेंद्र चतुर्भज अत्री व विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने शिरकत की।

# सौभाग्यवती कन्याएं एक साथ बंधी विवाह बंधन, सभी कन्याओं ने एक ही पंडाल के नीचे एक साथ निभाई जयमाला की रस्म

### समारोह में फेरे भी सामूहिक हुए, हजारों लोग इस समारोह के बने साक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अर्जुन स्टेडियम में रविवार को अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह का आयोजन युवा मित्र मंडल द्वारा किया गया। एक साथ 35 सौभाग्यवती कन्याएं एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधी। इन सभी 35 सौभाग्यवती कन्याओं ने एक ही पंडाल के नीचे एक साथ जयमाला की रस्म निभाई। समारोह में फेरे भी सामूहिक हुए। हजारों लोग इस समारोह के साक्षी बने। समारोह में 35 दूल्हे ढोल नगाड़ों और बारातियों के साथ अपनी दुल्हनियां को लेने पहुंचे।

जहां पहले से ही सजी संवरी 35 दुल्हनें अपने दूल्हे का इंतजार कर रही थी। इस समारोह में हर वह रस्म निभाई गई जो एक दूल्हा और दुल्हन के बीच निभाई जाती है। यहां पहले बारातियों का स्वागत किया गया। फिर जयमाला की रस्म निभाई गई। फिर नाच गाने हुए और उसके बाद प्रीतिभोज हुआ।





जींद। अर्जुन स्टेडियम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधते वर व वधु व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व मंच पर मौजूद संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

अंत में फेरे हुए। फिर बाबुल की दुआएं लेती जा के गाने के साथ विदाई की रस्म की गई। समारोह में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, डा. रजनीश जैन, सावर गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोगों ने ने दूल्हा-दुल्हनों को आर्शीवाद दिया।

### अपने बच्चों को मोबाइल से बचा कर रखें : डा. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि युवा मित्र मंडल की टीम प्रतिवर्ष गरीब कन्याओं की शादी करवा कर पुण्य का काम कर रही है, यह बहुत ही नेक कार्य है। आज का समय मोबाइल का समय हो गया है। मोबाइल से हमारे बच्चे बिगड़ रहे हैं। सभी माता-पिता से वो अनुरोध करते हैं कि अपने बच्चों को मोबाइल से बचा कर रखें। मोबाइल ने हमारे समाज की हंसी, खुशी छीन ली है। मोबाइल में अच्छे गुण भी बहुत हैं परंतु हमारे बच्चे अवगुणों की तरफ जा रहे हैं। इस अवसर पर डा. कृष्ण मिड्ढा ने दो लाख 51 हजार रुपये युवा मित्र मंडल को कन्यादान के रूप में दिए हैं। डा. कृष्ण मिड्ढा ने यहां संस्था को आश्वासन दिया कि अगर कमी रह जाती है तो उनके निवास स्थान पर आ जाइएगा, वो और अधिक रुपये देने के लिए तैयार हूं।

### सभी बेटियों को दिया जरूरत का समान

संस्था के प्रधान पवन सिंगला ने कहा कि संस्था के पदाधिकारी काफी दिनों से इस सामूहिक विवाह समारोह को कामयाब बनाने में जुटे हुए थे। उन्होंने बताया कि आज इस सामूहिक विवाह समारोह में दुल्हन को जरूरत का वह हर सामान दिया गया जो एक पिता अपनी बेटी की विदाई पर देता है। पवन सिंगला ने कहा कि युवा मित्र मण्डल 2014 से गरीब कन्याओं की सामूहिक शादियां करवाता आ रहा है। अभी तक यह मंडल 845 कन्याओं को विवाह का समान दे चुकी है।

### कन्याओं की शादी करवाना बड़ा पुण्य

युवा मित्र मंडल के प्रधान पवन सिंगला, जसबीर सैनी ने कहा कि जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाना सबसे बड़ा पुण्य हैं और आज युवा मित्र मंडल के पदाधिकारी एक साथ 35 कन्याओं की शादी करवा कर पुण्य के भागी बने हैं। इस आयोजन की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इस तरह के आयोजन निश्चित तौर पर आज के समय की जरूरत है। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से जरूरतमंद परिवार भी समाज की मुख्यधारा से जुडने लगेंगे। संस्था द्वारा यह आठवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया है।

## शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

# अपने खून से किसी दूसरे को नया जीवन देना एक महान कार्यः कृष्ण बेदी

■ रक्तदाताओं का किया हौसला वर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि रक्तदान.महादान हैएरक्तदान.जीवनदान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिएए जिससे कि जरूरतमंद रोगियों को उनकी आवश्यकता अनुसार रक्त देकर उनका बहुमूल्य जीवन बचाया जा सके। अपने खून से किसी दूसरे को नया जीवन देना एक महान कार्य है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में बाबा गैबी साहिब मंदिर के हॉल में जय दादा काला पीर सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला वर्धन करते हुए बोल रहो थे। उन्होंने कहा कि आप द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाता है। समाज में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। आज हम सभी शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक हैए जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते है तो क्यो नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। जब भी कभीए किसी को रक्त की जरूरत हो तो बिना किसी लोभ.लालचए जाति.धर्म के भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान करना चाहिए ताकि रक्त की कमी से हमारे आस.पास किसी भी मनुष्य की जान न जाए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि रक्तदान मानवता की निशानी है। रक्तदान के कई सारे लाभ भी होते हैं।



जींद। रक्तदाताओं की हौसलाअफजाही करते हुए। फोटो :हरिभूमि

समाज हित में हम सब का नैतिक दायित्व भी बनता है कि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान जैसे महान कार्य में अपना सहयोग दें। नियमित रूप से रक्तदान करने से कैंसर होने का खतरा भी कम होता है। रक्तदान करने से शरीर में कैलोरीज भी बर्न होती हैं। रक्तदान करने से आपका मुफ्त में रक्त का विश्लेषण भी हो जाता है कि आप रक्त देने योग्य है या नहीं। रक्तदान करने से व्यक्ति के मन में गर्व की भावना भी उत्पन्न होती है। मैट्रो ब्लड बैंक जींद द्वारा रक्तदान एकत्रित किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने बाबा गैबी साहिब मंदिर में मथा टेका और चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन भी किया। इस कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री धरौदी रोड़ पर स्थित काली माता मंदिर के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा नेता रिछपाल शर्माए हसंराज समैणए पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्माए सुरेश पांचालएविनय मित्तलए शीशपाल भाणाए नरवाना मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयलए एडवोकेट राजेश शर्माए जय दादा काला पीर सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक श्योराणए बाबा गैबी साहिब मंदिर के महंत अजय गिरी महाराज नरेश बैनिवालए रजत बंसलए पूर्व सरपंच राजेंद्रए वेदपालए सचिन बंसल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### खेल, खिलाड़ी को लेकर सरकार बना रही है योजनाएं

**जींद।** बनभौरी गांव में मां भ्रामरी देवी क्रिकेट महाकुंभ 2025 का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन क्रिकेट महाकुंभ में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे। विजेता को एक लाख एक हजार, द्वितीय को 51 हजार एवं तीसरे, चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 11-11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। 26 मार्च तक प्रतियोगिता आयोजित होगी। बेदी ने कहा कि खेल को खेल भावना से खिलाड़ी खेले। खेल में हार-जीत होती रहती है। जिस खेल में रूचि हो वो खेल खेलना चाहिए। प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। निरंतर खेल, खिलाड़ी को लेकर प्रदेश सरकार योजनाएं बना रही है। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में निरंतर पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। इस मौके पर शिव कुमार कौशिक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



जींद। समारोह में मौजूद अतिथिगण व पूर्व छात्र। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान होते हैं : चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग

**सफीदों।** नगर के राजकीय पीजी कॉलेज में रविवार को दूसरा पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, कोपरेटीव सोसाइटी हरियाणा के चेयरमैन अमरपाल राणा व उद्योगपति शिवचरण गर्ग ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने की। इस मौके पर काफी तादाद में पूर्व छात्र-छात्राओं ने शिरकत करके अपने-अपने अनुभव सांझा किए। वहीं प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान होते हैं और उनकी उपलब्धियां नए विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कार्य करती हैं। इस महाविद्यालय ने हमें न केवल शिक्षा दी बल्कि हमें एक बेहतर इंसान बनने में भी मदद की। आज मैं जो कुछ भी हुं, उसमें इस संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं चेयरमैन अमरपाल राणा ने कहा कि उन्हे शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार भी यहां से मिले, जो जीवन भर हमारे साथ रहते हैं।

### शहीदी दिवस पर लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**सफीदों।** शहीदों की याद में रविवार को नगर के पुराना बस स्टैंड पर शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर एक रक्तदान शिविर व देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कनाडा के विपक्ष में राजनीतिक सलाहकार एवं सफीदों निवासी गुलाब सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने की। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी श्याम स्वामी ने किया। कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकारो के द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं रक्तदान शिविर में ९५ युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि गुलाब सैनी ने कहा कि सुखदेव, राजगुरु व भगत सिंह की शहादत के बल पर ही आज सभी खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने छोटी सी उम्र में ही हमें आजादी दिलाने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को स्वीकार कर लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पालिका प्रधान प्रतिनिधि संजय बिट्टा, पूर्व पार्षद बिजेंद्र सैनी, पूर्व पार्षद सुनील बाबू, दलविंद्र चंदन, धर्मगढ़ गांव सरपंच अजीतपाल बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रमेश भारद्वाज, श्याम स्वामी, पूर्व पार्षद नरेश जांगड़ा, पूर्व ब्लाक समिति वाइस चेयरमैन राजेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।

## शहीदों के नाम पर 54 यूनिट रक्त एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहीदे आजम भगत सिह के बलिदान दिवस पर रविवार को मैढ सुनार सभा द्वारा स्थानीय सेक्टर छह में स्थित सुनार धर्मशाला में रक्तशिवर का आयोजन कर 54 यूनिट रक्त शहीदों के नाम समर्पित किया। रक्तदान शिवर मे हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्णलाल मिड्ढा तथा हरियाणा राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चैयरमैन अमरपाल राणा ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर रक्तदान करने वाले युवाओं का हौंसला बढाते हुए कहा कि रक्तदान से बडा कोई दान नही है। क्योंकि आजतक चिकित्सक व वैज्ञानिक रक्त का वैकल्पिक नही खोज पाए हैं और रक्तदान करने से किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचती है। डा. मिड्ढा ने रक्तदान करने वाली महिला पूनम देवी व आशा रानी द्वारा रक्तदान करने की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं भी अग्रिम भूमिका में रह कर समाजसेवा में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने मैढ सुनार सभा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रंशसा करते हुए कहा कि जिस तरह मैढ सुनार सभा द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान चलाने, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण सरक्षण, स्वच्छता अभियान सहित तमाम सामाजिक कार्यों की सफलता सुनिश्चित करें।



जींद। शिविर में रक्तदान करते हुए महिला। फोटो :हरिभूमि

### नरवाना में शहीदों को नमन किया

**नरवाना।** आम चुनाव पार्टी के लोकस नेभा के उपाध्यक्ष दिलबाग सिंह व नरवाना विधानसभा की कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव की जयंती पर फूल माला डालकर उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए और और उनके द्वारा दी गई कुर्बानी को आज याद किया हम आज की सरकार से निवेदन करते हैं कि शहीदों द्वारा दी गई कुर्बानी की याद रखें और उनके दिखाएं मार्ग पर चले आज की राजनीतिक और जात.पात की राजनीति से हटकर हमारे आने वाली युवा पीढ़ी के भविष्य के रोजगार के लिए अच्छे स्कूलों के लिए अस्पतालों के लिए काम करें और यह राजनीतिक छोड़कर हमने अच्छा और सुंदर भारत बनाने के लिए कम करें आने वाली पीढिय़ां हमेशा इनके बलिदान को याद रखें।

## बोर्ड के वाइस चेयरमैन का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन सतीश शाहपुर का समस्त डूम समाज द्वारा स्थानीय रविदास धर्मशाला में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इसमें समस्त समाज ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने फूलमालाओं व बुक्कों से वाइस चेयरमैन का स्वागत किया। सतीश शाहपुर को उपाध्यक्ष बनाने पर समाज के सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत पूरी हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि हमारे जैसे अंतिम पंक्ति में खड़े समाज को यह जिम्मेदारी देकर यह साबित कर दिया है कि सरकार अन्तोदय की भावना को चरितार्थ कर रही है। वाइस चेयरमैन ने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े होने के कारण हमारा यह फर्ज बनता है कि हम अपने बच्चों को शिक्षित करें।



जींद। हरियाणा बोर्ड के वाइस चेयरमैन का अभिनंदन करते हुए।

उनमें शिक्षा की भावना विकसित करें ताकि पूरे समाज का भला हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के साथ साथ अनुसूचित जाति के पात्र लोगों के लिए बहुत योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमें इन योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए। सरकार ने हर 20 किलोमीटर पर लड़कियों के लिए महाविद्यालय खोले हैं ताकि बेटियां ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होकर अपने स्वयं के परिवार के साथ-साथ अपने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे सकें। समारोह में मास्टर राजेश कुमार द्वारा मंच का संचालन किया गया।

### शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन किया

**जींद।** डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने प्रधान राजेश पहलवान के नेतृत्व में शहीदी दिवस पर देश के लिए हंसते-हंसते अपनी जान कुर्बान करने वाले देशभक्तों को नमन किया और शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सोसाइटी के पूर्व महासचिव दलबीर आल्याहन ने कहा कि इस दिन देशभक्त राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह ने देश को आजाद करवाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। हमें उनके बलिदान को कभी नही भूलना चाहिए और उनके सपनों को साकार करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। हमे देश को सर्वोपरी मानते हुए देशहित व समाजहित के कार्य करने चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शहीद यादगार समिति ने किया सेमिनार का आयोजन

# शहीदों के दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान

### सेमिनार की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राठी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहीद यादगार समिति द्वारा आज शहीदी दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य विषय शहीद भगत सिंह व उसके साथियों का इंकलाब और मौजूदा दौर रहा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सुबे सिंह स्मारक में किया गया। जिसमें शहर व गांव के गणमान्य नागरिकों, युवाओं, छात्रों और महिलाओं ने भाग लिया। सेमिनार की शुरुआत शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। सेमिनार की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राठी ने किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए किसान नेता इंद्रजीत सिंह ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथियों का इंकलाब क्रांति भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और अन्य क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ न केवल अपनी आवाज बुलंद की बल्कि अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों में आजादी की अलख जगाई। उनका नारा इंकलाब जिंदाबाद और विचारधारा साम्राज्यवाद, शोषण और अन्याय के खिलाफ थी।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता।

### खेल नर्सरी में शहीदों को नमन किया

**जींद।** नेहरू युवा केंद्र जींद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेल नर्सरी रामराय में शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष जय हिंद द्वारा की गई। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर नालंदा संस्थान के डायरेक्टर वीरेंद्र दहिया पहुंचे व शहीदों पर पुष्प अर्पित किए व शहीदों के बारे में बताया कि जो आज हम आजाद हैं वह सब हमारे शहीदों के कारण ही संभव हो पाया है। हमें उनके ऋण को कभी भूलाना नही चाहिए। मनीष जय हिंद ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव हमारे आदर्श होने चाहिए।

### शहीदी दिवस पर जिप अध्यक्ष ने बच्चों को सम्मानित किया



**जींद।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा में शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हेड मास्टर सरताज ढांडा, सरपंच मनजीत, हेड टीचर सतपाल, आनंद, अनिल, प्रमोद, राजेश, बबीता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कुलदीप रंधावा ने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में कराई गई सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल गतिविधियों और शैक्षणिक गतिविधियों से सभी ग्रामवासियों और उनके अभिभावकों को अवगत कराया और आगामी शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक छात्रों का विद्यालय में दाखिला कराने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया। बबीता जेबीटी टीचर को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कक्षा पहले से प्रथम प्रमोद लाठर को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया।